


साप्ताहिक

# बुलंद गोंदिया

खबरों का आईना

प्रधान संपादक : **अभिषेक चौहान** । संपादक : **नवीन अग्रवाल**

E-mail : **bulandgondia@gmail.com** | E-paper : **bulandgondia.net** | Office Contact No.: **7670079009** | **RNI NO. MAH-HIN-2020/84319**




वर्ष : 4 | अंक : 30 — गोंदिया : गुरुवार, दि. 7 मार्च से 13 मार्च 2024 — पृष्ठ : 4 — मूल्य : रु. 5


# 1,284 मतदान केंद्रों पर पालनाघर

## जिला प्रशासन की ओर से की जाएगी व्यवस्था




**गोंदिया**-जिले की अंतिम मतदाता सूची घोषित कर दी गई है. इस समय जिले में कुल 10 लाख 87 हजार 272 मतदाता हैं. जिले में 1,284 मतदान केंद्र हैं. लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने चुनाव आयोग की ओर से विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं. उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव गर्मियों में होंगे और छोटे बच्चों की माताएं अपने बच्चों को घर पर छोड़कर चुनाव में नहीं जा सकतीं. ऐसी स्थिति में वह मतदान के अधिकार का प्रयोग नहीं सभी केंद्रों पर करते हैं, किंतु अब माताओं को इस तरह की मुश्किल से बचाने मतदान केंद्रों पर पालना घर की व्यवस्था की जाएगी. साथ ही केंद्रों पर ओआरएस व पानी की व्यवस्था की जाएगी व स्वास्थ्य कर्मी भी उपस्थित रहेंगे.

### ओआरएस उपलब्ध

प्राथमिक उपचार के लिए मेडिकल किट में दर्द निवारक दवाएं, पट्टियां, ओआरएस पाउडर, घाव की ड्रेसिंग आदि सामग्री के साथ प्रत्येक मतदान केंद्र पर एक चिकित्सा सहायक उपलब्ध रहेगा. मतदाताओं की मदद के लिए स्वयंसेवक नियुक्त किए जाएंगे. जिले के 4 विधानसभा क्षेत्रों में 1,284 मतदान केंद्रों पर चुनाव होंगे. जल्द ही लोकसभा चुनाव होने वाले हैं, जिससे सभी केंद्रों पर पालना घर की व्यवस्था की जाएगी. बढ़ते तापमान को ध्यान में रखते हुए - मतदान केंद्रों पर महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांग मतदाताओं और महिलाओं के साथ आने वाले बच्चों को धूप से बचाने के लिए छांव की व्यवस्था के लिए टेंट लगाए जाएंगे. उल्लेखनीय यह है कि लोकतंत्र के उत्सव को और अधिक आनंदमय बनाने के लिए मतदान केंद्र को सजाया भी जा रहा है. केंद्रों पर सभी सुविधाएं होने से मतदाताओं को कोई परेशानी नहीं होगी.

## बंद घर से 45,000 के आभूषण उड़ाया

**गोंदिया**-सालेकसा थाने के तहत चिचटोला/कावराबांध निवासी फिर्यादी नरेशकुमार भाऊलाल दसरिया (55) अपनी पत्नी के साथ शादी समारोह में गया था. इस बीच अज्ञात व्यक्ति ने उनके घर का ताला तोड़कर अलमारी में रखे 45 हजार रुपए कीमत के आभूषण चुरा लिया. फिर्यादी की शिकायत पर सालेकसा पुलिस ने मामला दर्ज किया है. जांच पुलिस उपनिरीक्षक पाटिल कर रहे हैं.

# लोक अदालत में 14438 मामलों का निपटारा

## 7.2 करोड़ रु. की वसूली




गोंदिया. जिले में 3 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालय में लंबित 912 दीवानी मामलों में से 109 का निपटारा किया गया. इसमें 2 करोड़ 77 लाख 1 हजार 798 रु. की वसूली की गई. अदालत में लंबित 2,497 आपराधिक मामलों में से 906 मामलों का निपटारा किया गया है, जिसमें से 2 करोड़ 88 लाख 45 हजार 98 रु. की वसूली की गई है. लोक अदालत में दायर 22 हजार 182 मामलों में से 13 हजार 423 मामलों का निपटारा किया गया. इसमें 66 लाख 65 हजार 942 रु. की वसूली की गई. इस प्रकार कुल 25 हजार 595 प्रकरणों में से 14 हजार 438 प्रकरण निस्तारित किए गए तथा कुल 7 करोड़ 2 लाख 39 हजार 141 रू. की वसूली की गई. जिला विधि सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा मुख्य जिला व सत्र न्यायाधीश ए.टी. वानखेड़े, सचिव एम.वी. पिंगले के मार्गदर्शन में जिले की सभी समितियों के माध्यम से सभी प्रकार के समझौते किए गए. लोक अदालत में जिला विधि सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष तथ प्रमुख जिला व सत्र न्यायाधीश ए. टी. वानखेड़े, सचिव एम.वी. पिंगले, जिला वकील संघ के अध्यक्ष एड. सी.के. बडे, आरती भगत, जिला न्यायाधीश-1 तथा अपर सत्र न्यायाधीश ए.एम. खान, जिला न्यायाधीश-2 तथा अतिरिक्त जिला न्यायाधीश एन.डी, खोसे, तदर्थ न्यायाधीश-1 तथा अतिरिक्त जिला न्यायाधीश एन. बी. लवटे, दिवाणी न्यायाधीश (व.स्तर) आर. एस. कानडे, मुख्य न्यायाधीश ए. वी. कुलकर्णी, सह दिवाणी न्यायाधीश (व.स्तर) एस.आर. मोकाशी, 2 रे सहदिवाणी न्यायाधीश (व.स्तर) एस.एस. धपाटे, 2 रे सह दिवाणी न्यायाधीश (क.स्तर) एम.एस. धपाटे, एम.बी. कुडते, 3 रे सह दिवाणी न्यायाधीश (क.स्तर) वाई.जे. तांबोली, 4 थे सह दिवाणी न्यायाधीश (क.स्तर) एस.डी. वाघमारे, 5 वे सह दिवाणी न्यायाधीश (क.स्तर) टी.वी. गवई, 6वे सहदिवाणी न्यायाधीश (क.स्तर) डा. एस.वी. आव्हाड, एस.आर. पोरकर, एड. अंजली चव्हाण, एड. सानिया अंजुम पठान, एड. प्रतिमा पटले, एड. रोशन बाहेतवार, एड. अभिषेक सोलंकी ने प्रयास किया.

### मानसिक व आर्थिक परेशानियों से मुक्ति

विशेष अभियान के तहत जिला न्यायालय में 1107 आपराधिक मामले दर्ज किए गए. इसके अलावा 769 मामलों का निपटारा किया गया. कई दलों ने इस पर संतोष व्यक्त किया है क्योंकि इससे पार्टी और अन्य लोगों को मानसिक और वित्तीय पीड़ा से बचाया गया है.

# राजकुमार तिवारी जिला भाजपा उपाध्यक्ष नियुक्त



**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया जिला भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष पद पर पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता राजकुमार तिवारी की नियुक्ति जिला अध्यक्ष उपराडे द्वारा की गयी। तिवारी वर्तमान में जनता सहकारी बैंक के उपाध्यक्ष जिला व्यापारी फेडरेशन के सचिव मेटल मर्चेंट असोसिएशन के अध्यक्ष राज,ब्राम्हण समाज ट्रस्ट बोर्ड उपाध्यक्ष सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं में सक्रिय तिवारी की नियुक्ति पर उनके स्नेहियो ने हर्ष व्यक्त कर उन्हे बधाई दी। तिवारी ने अपनी नियुक्ति पर जिलाध्यक्ष येसुलाल उपराडे,विदर्भ संगठन मंत्री कोठेकर ,जिला संगठन मंत्री वीरेंद्र अंजनकर, सांसद सुनील मेंढे,परिणय फुके, विजय शिवनकर ,जिला महामंत्री सुनील केलनका ,संजय कुलकर्णी सहित पार्टी के वरिष्ठ जनो का आभार व्यक्त किया।

# शहर में साड़ी वॉकेथॉन 10 को



**गोंदिया**-अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर इंटरनेशनल सिंधी समाज संगठन महिला विंग गोंदिया की ओर से नई सोच नई दिशा के साथ पहली बार साड़ी वॉकथॉन का आयोजन किया जा रहा है. सिंधी समाज की महिला शक्ति के लिए 10 मार्च को सुबह 6.30 बजे आयोजित साड़ी वॉकेथॉन का आयोजन संत कंवरराम मैदान में किया जाएगा. इस आयोजन में सख्खर महिला पंचायत, झूलेलाल महिला सेवा समिति, रिबेल डांस व फिटनेस सेंटर, एस-युवा एकता संगठन का विशेष सहयोग रहेगा. अधिक जानकारी व पंजीयन के लिए संस्था अध्यक्ष कंचन एस. ठकरानी, सचिव दीपिका खटवानी, कोषाध्यक्ष प्रीति प्रथ्यानी से संपर्क किया जा सकता है.

# वीडियो कॉलिंग कर कॉलेजकर्मी ने लगाई डैम में छलांग



**गोरेगांव**-वीडियो कॉलिंग कर एक कॉलेज के कर्मचारी ने कटंगी मध्य प्रकल्प में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली. यह घटना 5 मार्च को उजागर हुई. मृतक मसगांव निवासी योगेश भेलावे (27) है. बताया जा रहा है कि दो दिन पूर्व योगेश ने कटंगी मध्य प्रकल्प में छलांग लगाई थी. लेकिन योगेश का शव 5 मार्च को पानी में तैरते हुए दिस्थाई दिया. गोरेगांव पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरु कर दी है. योगेश भेलावे की मैंगाटोला ग्राम की एक युवती के साथ कोर्ट मैरिज हुई थी. उसके बाद 10 जनवरी, 2024 को दोनों के परिजनों ने गोरेगांव में स्वागत समारोह का आयोजन भी किया था. योगेश मसगांव स्थित एस.एस.एस.पी.डी. कॉलेज में परिचर के पद पर कार्यरत था. बताया जाता है कि पिछले कुछ दिनों से योगेश आत्महत्या करने के प्रयास में था. 3 मार्च को योगेश ने डैम में छलांग लगाने से पहले अपने मित्रों को वीडियो कॉलिंग कर यह कदम उठाने की जानकारी दी थी. इसकी जानकारी मिलते ही उसके परिजन घटना स्थल पहुंच गए थे, लेकिन योगेश वहां दिखाई नहीं दिया. योगेश की दोपहिया व चप्पल घटना स्थल पर दिखाई दी थी. पुलिस ने योगेश की जलाशय में तलाशी की, मंगलवार की सुबह योगेश का शव जलाशय के पानी में दिखाई दिया.

# निराधार योजना के 625 मामले मंजूर

तिरोड़ा-स्थानीय तहसील कार्यालय में संजय गांधी निराधार योजना की मासिक सभा का आयोजन किया गया था. संजय गांधी निराधार योजना समिति के अध्यक्ष चत्रभूज बिसेन व सदस्यों की उपस्थिति में कुल 625 प्रकरणों को मंजूरी दी गई. जिसमें श्रावण बाल योजना के 350 व संजय गांधी निराधार योजना के 275 प्रकरणों का समावेश है. इस अवसर पर तिरोड़ा के तहसीलदार गजानन कोकडे, कुंभरे, शेंडे, पडोले, भाऊराव कठाणे, गौरी जोशी, भरत गुरव, दिनेश पटले, अरविंद कोवडी, भूमेश्वर शेंडे, रमणिक सोयाम, प्रकाश भोंगाडे आदि उपस्थित थे. संजय गांधी निराधार व श्रावण बाल योजना अंतर्गत आने वाले सभी प्रकरणों की जांच कर मंजूरी दी गई.

# तलवार के साथ एक को पकड़ा

**गोंदिया** -देवरी थाने के तहत रेशम लॉन के आगे एक व्यक्ति को तलवार के साथ पकड़ा गया. फिर्यादी हवलदार जानीराम करंजेकर की शिकायत पर देवरी पुलिस ने मामला दर्ज किया है. जांच सहायक पुलिस निरीक्षक जाभव कर रहे है

# निवेश परिषद में 666 करोड़ रुपए का हुआ समझौता




## उद्योग विकास के लिए सेमिनार, बेरोजगारों को रोजगार का मिलेगा अवसर
## निवेशकों व व्यवसायियों को एक मंच प्रदान का प्रयास- शिवणकर

गोंदिया, ब्यूरो. जिले में उद्योग क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने जिला उद्योग केंद्र की ओर से जिला स्तरीय निवेश सम्मेलन आयोजित किया गया. जिलाधीश प्रजीत नायर की प्रमुख उपस्थिति में आयोजित परिषद में 9 उद्योग इकाइयों के लिए 666.50 करोड़ का समझौता हुआ. जिलाधीश नायर ने जिले के बेरोजगार युवाओं से अपील की है कि रोजगार के अवसर प्राप्त करने उद्यमियों को दृढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत और लगन रखनी चाहिए. उद्घाटन जिलाधीश कार्यालय के नियोजन समिति सभागृह में जिलाधीश नायर के हस्ते किया गया. जिलाधीश नायर ने कहा कि जिले में पहली बार निवेश सम्मेलन हो रहा है. जिला प्राकृतिक रूप से समृद्ध है और धान उत्पादक के साथ- साथ तालाबों वाले जिले के रूप में भी प्रसिद्ध है. राज्य की कुल आय में जिले का योगदान मात्र 0.7 प्रश. है. हमारा लक्ष्य 2027-28 तक इसी हिस्सेदारी को 1.3 प्रश तक ले जाने का है. सतत विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने उद्योजक उद्योग के क्षेत्र में जिले का नाम लोकप्रिय कर जिले के विकास में योगदान दें. जिले के युवाओं की बेरोजगारी को दूर करने जिले में बड़े उद्यमियों को तैयार किया जाए. जिले के सभी उद्योगों को जिला प्रशासन द्वारा उचित सहयोग दिया जाएगा. जिले के औद्योगिक क्षेत्र में लंबित मामलों का निपटारा अवश्य होगा. उन्होंने आश्वासन दिया कि उद्योग स्थापित करने के लिए आवश्यक भूमि के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी करने में जिला प्रशासन सकारात्मक भूमिका निभाएगा. एमआईडीसी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष हुकुमचंद अग्रवाल, राइस मिल एसो. के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, लाख इंडस्ट्रीज एसो. के अध्यक्ष गजानन अग्रवाल, एमआईडीसी के उप अभियंता हारगुले, सेंट्रल को ऑप. बैंक के मुख्य प्रबंधक रेखलाल टेंभरे, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक भुनेश्वर शिवणकर मुख्य रूप से उपस्थित थे. संचालन जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी राजन चौबे ने किया. जिला उद्योग केंद्र के प्रबंधक कुणाल गोंडचवार, उद्योग निरीक्षक रवि किन्नाके, महाराष्ट्र उद्यमिता विकास केंद्र की परियोजना प्रबंधक संगीता ढोने, नियोजन विभाग के विपुल खडतरे, स्मार्ट के नोडल अधिकारी प्रणाली चव्हाण, कृषि अधिकारी पवन मेश्राम के साथ ही नए उद्योजक उपस्थित थे.

# दिव्यांगों को चेक का किया गया वितरण

**गोंदिया**-अर्जुनी मोरगांव तहसील के ग्रापं महालगांव में ग्रापं की आय से 5 प्रश धनराशि खर्च की जाती है. ग्रापं अंतर्गत 4 गांवों के 29 दिव्यांग लाभार्थियों को प्रति लाभार्थी 1,300 रुपए का धनादेश सरपंच मीना शहारे के हस्ते वितरित किए गए. अर्जुनी मोरगांव तहसील में महालगांव समूह आप अंतर्गत तावसी खुर्द, निलज, महालगांव और रामघाट चार गांव आते हैं. इन 4 गांवों के 29 दिव्यांग महिलाओं और पुरुषों को ग्रापं सभागृह में ग्राम पंचायत की आय से धनादेश वितरित किया गया. इस अवसर पर उपसरपंच नंदकिशोर गहाणे, सचिव अरुण हातझाडे, समस्त ग्रापं सदस्य व कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित थे. इस अवसर पर सरपंच मीना शहारे ने कहा कि ग्राम स्तर पर कार्य करते समय ग्रापं के माध्यम से कोई भी सार्वजनिक विकास या व्यक्तिगत लाभ की योजना बनाना सरपंच, उपसरपंच, सचिव और आपं सदस्यों की जिम्मेदारी हैं इस संबंध में हमारे प्रयास जारी हैं. हमारा ईमानदार प्रयास है कि इन चारों गांवों का सर्वांगीण विकास हो. सरपंच मीना शहारे ने कहा कि उनका प्रयास जारी है, कार्यक्रम में मुख्य रूप से 29 दिव्यांग लाभार्थियों सहित ग्रामीण उपस्थित थे.

# 25 करोड़ का जलापूर्ति बिल बकाया

## » मजीप्रा की कार्यप्रणाली पर उठाए जा रहे कई ई सवाल




**बुलंद गोंदिया**-गोंदिया शहर को पीने के पानी की आपूर्ति महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण की ओर से की जाती है, किंतु सवाल यह उठता है कि जलापूर्ति की जिम्मेवारी लेने वाली कंपनी मजीप्रा से जल कर कैसे वसूला जाए. गोंदिया शहर में मजीप्रा का बकाया करीब 25 करोड़ तक पहुंच गया है. उल्लेखनीय है कि इसमें 7 करोड़ रुपये का ब्याज है. जिससे मजीप्रा का प्रशासन प्रभावित होने की कगार पर है. शहर जिले का केंद्र है. इस शहर का दायरा दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है. बढ़ती जनसंख्या के आधार पर पीने के पानी की मांग भी बढ़ रही है. शहर में पानी की आपूर्ति महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण विभाग के माध्यम से की जाती है. शहर के कई हिस्सों में पानी की टंकियां निर्मित की गई हैं. टैक्स भुगतान में जानबूझकर लापरवाही आपूर्ति प्राप्त करने वाले ग्राहकों पर जल शुल्क लगाया जाता है. नियमानुसार सभी प्रकार के उपभोक्ताओं को पानी का बिल देना जरूरी है. लेकिन गोंदिया शहर में कर उपभोक्ता जानबुझकर जलापूति टेक्स का भुगतान करने में लापरवाही बरतते हैं. जिससे पानी बिल का बकाया दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है. जनवरी 2024 तक पानी का बकाया 18 करोड़ तक पहुंच गया है. वहीं इस पर ब्याज 7 करोड़ और कुल जल कर बकाया 25 करोड़ है. जैसे-जैसे पानी के बकाए का पहाड़ दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है, महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं. 31 मार्च तक बकाया जल कर की वसूली कैसे करें? ऐसा सवाल मजीप्रा के अधिकारियों के सामने भी खड़ा हो गया है.

## मधुमक्खियों के हमले में तीन छात्राएं घायल

**देवरी**- तहसील के इतकी फाटे पर मधुमक्खियों के हमले में तीन छात्राएं घायल हो गई. यह घटना 4 मार्च की सुबह 9.30 बजे की है. घायलों में तेजस्विनी सुभाष राऊत, डिलेश्वरी दुर्योधन राऊत (12) एवं सोनम भारत सोनवाने (12) का समावेश है. तीनों का देवरी के ग्रामीण अस्पताल में उपचार चल रहा है. तेजस्विनी आईटीआई तथा सोनग व डिलेश्वरी हाईस्कूल की छात्रा है. वे रोजाना गोडायोडी से देवरी में पढ़ाई के लिए साइकिल से आवाजाही करती हैं. सुबह के समय वे गांव से स्कूल जा रही थी कि डयकी फाटे पर मध्याक्खियों ने उन पर हमला कर दिया


**सप्ताहिक बुलंद गोंदिया**

रेगुलेशन ऑफ न्यूज (पेपर्स) सेंट्रल रुल्स 1956 के अनुसार हिंदी साप्ताहिक बुलंद गोंदिया (हिंदी) के स्वामित्व एवं अन्य विषयों से संबंधित विवरण।

**घोषणा**

(फार्म - 4)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रकाशन का स्थान | : | बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास, गौशाला वार्ड, गोंदिया 441601 महा. |
| 2. | प्रकाशन अवधि | : | साप्ताहिक |
| 3. | मुद्रक | : | भवानी प्रिंटिंग प्रेस, गोंदिया |
| | नागरिकता | : | भारतीय |
| | स्थान | : | गुरुनानक वार्ड गोंदिया |
| 4. | प्रकाशक | : | नवीन एम. अग्रवाल |
| | नागरिकता | : | भारतीय |
| | निवास स्थान | : | आशीर्वाद वेट पाईंट के पीछे, सुभाष वार्ड, मुर्री रोड, गोंदिया (महाराष्ट्र) |
| 5. | संपादक | : | नवीन एम. अग्रवाल |
| | नागरिकता | : | भारतीय |
| | निवास स्थान | : | आशीर्वाद वेट पाईंट के पीछे, सुभाष वार्ड, मुर्री रोड, गोंदिया (महाराष्ट्र) |
| 6. | पत्र का स्वामित्व | : | नवीन एम. अग्रवाल |
| | नागरिकता | : | भारतीय |
| | निवास स्थान | : | आशीर्वाद वेट पाईंट के पीछे, सुभाष वार्ड, मुर्री रोड, गोंदिया (महाराष्ट्र) |

मैं नवीन एम. अग्रवाल घोषित करता हूँ कि उपरोक्त विवरण मेरी जानकारी तथा विश्वास के अनुसार सही है।

नवीन एम. अग्रवाल
(प्रकाशक)

दिनांक : 7 मार्च 2024

## संपादकिय...

# देश ही मोदी का परिवार

आम चुनाव की घोषणा हुई भी नहीं, लेकिन नेताओं के कीचड़ उछालने और आपत्तिजनक शब्द बोलने का सिलसिला शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी के लिए पहले कांग्रेस ने खूब अपशब्द कहे हैं, लेकिन अब लालू यादव ने ऐसा मुद्दा उछाला है कि मोदी और भाजपा ने उसे लपक लिया है। लालू ने सार्वजनिक मंच से कहा है कि मोदी का अपना परिवार तो नहीं है, लिहाजा वह 'परिवारवादी पार्टियों' कहते रहते हैं। मोदी हिंदू भी नहीं हैं, क्योंकि मां के शोक में उन्होंने सिर नहीं मुंडवाया और न ही दाढ़ी साफ कराई। प्रधानमंत्री तेलंगाना में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे, वहीं उन्होंने त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए कहा-'मैं परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं, तो उन्होंने बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। 140 करोड़ देशवासी ही मेरा परिवार हैं। जिसका कोई नहीं है, वे भी मोदी के हैं और मोदी उनका है।' प्रधानमंत्री के इस कथन के बाद भाजपा अध्यक्ष, मंत्रियों, सांसदों और कई मुख्यमंत्रियों ने सोशल मीडिया पर अपने बायो बदलते हुए लिख दिया-'मोदी का परिवार।' और यह बदलाव सोशल मीडिया पर ट्रेंड करने लगा। कुछ ही देर में यह मुद्दा बन गया। राजनीति 2019 के ढर्रे पर मुड़ गई। तब कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने राफेल विमान सौदे में कथित भ्रष्टाचार पर एक जुमला उछाला था-'चौकीदार चोर है।' उसकी त्वरित प्रतिक्रिया में भाजपा नेताओं ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिख लिया था-'मैं भी चोर हूं।' अंततः वह जुमला 2019 के चुनावों का प्रमुख मुद्दा बन गया। दरअसल यह मोदी की रणनीति रही है या चुनावी-कौशल माना जाए कि उन्होंने मौत का सौदागर, चायवाला, बिच्छू, सांप, भस्मासुर, बंदर, खून की दलाली, गंदी नाली का कीड़ा आदि से लेकर जहरीला सांप तक सभी अपशब्दों को चुनावी जनादेश में परिणत कर लिया है। अधिकतर अपशब्द तब बोले गए, जब वह गुजरात के मुख्यमंत्री थे। यह राजनीति उनके विपक्षी बखूबी जानते हैं, लेकिन फिर भी ऐसे ही निजी हमले करते रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी पीड़ित और बेचारगी की मुद्रा में आकर, खूब आक्रामक तरीके से, उसी गालीनुमा शब्द को देश की जनता के सामने दोहराते रहे हैं। लालू यादव न तो हिंदू धर्म के ज्ञाता विशेषज्ञ हैं और न ही शोकावस्था की रस्मों को पूरी तरह जानते हैं। सनातन से जुड़े कई संप्रदायों, मतों, जातियों में सिर मुंडवाने और दाढ़ी साफ कराने की परंपरा ही नहीं है। खुद लालू यादव के भाई का निधन हुआ था, तो उन्होंने सिर नहीं मुंडवाया। कांग्रेस के ही उदाहरण लें, तो तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद, शोकाकुल राजीव गांधी को सिर नहीं मुंडवाना पड़ा था। यही परंपरा राहुल गांधी ने भी निभाई। लालू या विपक्ष का कोई भी नेता देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक अपशब्दों का इस्तेमाल करता है, तो क्या चुनाव की लहर उनके पक्ष में बहने लगेगी? यदि अब चुनावी फ़िज़ाओं में 'मोदी का परिवार' ही गूंजता रहेगा, तो जाहिर है कि बेरोजगारी, महंगाई, गरीबी, पेपरलीक, यौन शोषण, किसानी, असल अर्थव्यवस्था सरीखे मुद्दे चुनाव में पीछे छूट जाएंगे।

# महाशिवरात्रि का आध्यात्मिक महत्व

महा अर्थात् महान रात्रि अर्थात् अज्ञान की रात और जयन्ती अर्थात् जन्म दिवस। परमपिता परमात्मा शिव तब आते हैं जब अज्ञान अंधकार की रात्रि प्रबल हो जाती है। परम-आत्मा का ही नाम है शिव, जिसका संस्कृत अर्थ है सदा कल्याणकारी, अर्थात वो जो सभी का कल्याण करता है। शिवरात्रि व शिवजयन्ती भारत में द्वापर युग से मनाई जाती है। यह दिन हम ईश्वर के इस धरा पर अवतरण के समय की याद में मनाते हैं। शिव के अलावा ओर किसी को भी हम परम-आत्मा नहीं कहते। ब्रह्मा, विष्णु, शंकर को देवता कहते है। बाकि सभी है मनुष्य। तो हम उसी निराकार परमपिता (सभी आत्माओ के रूहानी बाप) के अवतरण का यादगार दिवस मनाते है। आईये और शिवरात्रि का यथा अर्थ सन्देश पढ़े।

**शिव की रात्रि क्यों?**

शिव के साथ रात शब्द इसलिए जुड़ा है क्योकि वो अज्ञान की अँधेरी रत में इस सृष्टि पर आते हैं। जब सारा संसार, मनुष्य मात्र अज्ञान रात्रि में, अर्थात माया के वश हो जाता है, जब सभी आत्माएं 5 विकारो के प्रभाव से पतित हो जाती हैं, जब पवित्रता और शान्ति का सत्य धर्म व स्वम् की आत्मिक सत्य पहचान हम भूल जाते है। सिर्फ ऐसे समय पर, हमे जगाने, समस्त मानवता के उत्थान व सम्पूर्ण विश्व में फिर से शान्ति, पवित्रता और प्रेम का सत-धर्म स्थापित करने परमात्मा एक साधारण शरीर में प्रवेश करते हैं।

**शिव अवतरण**

परमात्मा पिता का हम बच्चों से यह वायदा है कि जब-जब धर्म की अति ग्लानि होंगी, सृष्टि पर पाप व अन्याय बढ़ जायेगा है... तब वे इस धरा पर अवतरित होंगे... अब हमने जाना है की वो एक साधारण मनुष्य तन का आधार लें, हमें सत्य ज्ञान सुनाकर, सद्गति का रास्ता दिखा, दु:खों से मुक्त कर रहे हैं। यह गायन वर्तमान समय का ही है, जबकि कलियुग के अन्त और नई सृष्टि सतयुग के संगम पर, स्वयं परमात्मा अपने वायदे अनुसार इस धरा पर अवतरित हो चुके हैं, तथा इस दु:खमय संसार (नर्क) को सुखमय संसार (स्वर्ग) में परिवर्तन करने का महान कार्य गुप्त रूप में करा रहे हैं।



**शिवलिंग**

महाशिवरात्रि के साथ जुड़े हुए आध्यात्मिक महत्व को समझने का ये सबसे अच्छा अवसर है। शिव-लिंग परमात्मा शिव के ज्योति रूप को दर्शाता है। परमात्मा का कोई मनुष्य रूप नहीं है और ना ही उसके पास कोई शारीरिक आकार है। भगवान शिव एक सूक्ष्म, पवित्र व स्वदीप्तिमान दिव्य ज्योति पुंज हैं। इस ज्योति को एक अंडाकार रूप से दर्शाया गया है। इसीलिए उन्हें ज्योतिर्लिंग के रूप में दिखाया गया है, अर्थात ज्योति का प्रतीक। वो सत्य है, कल्याणकारी हैं और सबसे सुंदर आत्मा है, तभी उन्हें सत्यम-शिवम-सुंदरम कहा जाता है। वो सत-चित-आनंद स्वरूप भी है।

**शिवरात्रि का महत्व**

शिव जयंती के 100 वर्ष बाद नए युग (सतयुग) की शुरुवात होती है। परमपिता परमात्मा ही स्वर्ग की रचना करते है। सम्पूर्ण विश्व और मानवता का परिवर्तन होने में 100 वर्षो का समय लगता हैं। यह सबसे महान कार्य है। अगर हम सभी मुख्य पार्टधारी आत्माओं, जैसे अब्राहिम, बुद्ध, क्राइस्ट आदि का पार्ट का अवलोकन करें तो ये समझ आता है की वे सभी परमात्मा के संदेश वाहक/ पैगाम देने वाले संदेशी/पैगम्बर थे। उन सभी ने अपना अपना धर्म स्थापित किया और परमात्मा के बारे में अपना-अपना दृष्टिकोण बताया व जीवन जीने की कला सिखाई। बहुत से महापुरुषो ने इतिहास को बदला है। कईयों ने शांति और प्रेम के सन्देश से, कईयों ने अपने ज्ञान से और कईयों ने युद्ध लड़के। परन्तु कोई भी पूरी दुनिया को एक नहीं कर सका। धर्म सत्ता अभी भी है पर दु:ख भी है क्योंकि संसार पतन की ओर अग्रसर है (आध्यात्मिक दृष्टिकोण से)। अलग अलग समय पर अलग अलग व्यक्तियों द्वारा कई प्रयास किये गए, परन्तु सम्पूर्ण संसार का उत्थान कोई कर नहीं सकता। यह तो केवल परमात्मा कर सकते है।

यह कार्य किसी मनुष्य का नहीं है वरन सम्पूर्ण विश्व जिनसे प्रार्थना करता है, यह उनका कार्य है। सभी ईश्वर प्राप्ति के अलग अलग मार्ग बताते हैं। हम सभी सहायता के लिए भगवान से प्रार्थना करते हैं, अत: यह सिद्ध होता है की हम सभी ने पहले भी कई बार उनकी मदद का अनुभव किया है। हम उनसे हमेशा खुशी और शांति मांगते हैं, इससे यह सिद्ध होता है कि वो इन सब का स्त्रोत व दाता है तो अब प्रश्न यह है कि परमात्मा कब आते हैं, और हमें अपना वर्सा देकर ये सब करते है (हमारी सहायता करते हैं, हमे सुख, शांति, प्रेम व आनन्द प्रदान करते हैं? यही कारण हैं की मनुष्य सदैव उन्हें याद करता है, उनकी पूजा व प्रार्थना करता है? चलिए, इस विडिओ के माध्यम से हम जानते हैं।

**परमात्मा शिव है त्रिमूर्ति**

परमात्मा शिव त्रिमूर्ति हैं। वे ब्रह्मा द्वारा स्वर्णिम युग रूपी नव विश्व की स्थापना कराते हैं। वे उस विश्व की पालना विष्णु द्वारा कराते हैं और शंकर द्वारा पुरानी अधर्मपूर्ण कलयुगी सृष्टि का विनाश कराते हैं। शिवरात्रि के प्रसंग में अज्ञानता को रात्रि से दर्शाया गया हैं, अर्थात जहां पर ज्ञान का प्रकाश अनुपस्थित है। इसी अज्ञान रूपी अंधियारे के कारण ही वर्तमान में काम, क्रोध, लोभ, मोह, व अहंकार का अस्तित्व सर्वव्याप्त है। इस अज्ञान रूपी रात्रि में, अधर्म अपने चरम पर है। आज अशांति, अधर्म, साधारण व गलत कर्म करना ही दिनचर्या का हिस्सा बन गया है, परन्तु यह सब कब तक चलेगा ? कौन हमे सदा के लिए सुख, शांति व प्रसन्नता प्रदान करेगा? इसीलिए यह आवश्यक हो जाता है कि वर्तमान समय में जब घोर अज्ञान की रात्रि इस धरा पर है, सभी आत्माएं परेशान और दु:खी हैं, तब स्वयं परमपिता शिव परमात्मा का आगमन इस धरा पर हो और वे यहाँ पर पुन: सुख, शांति, आनन्द, प्रेम, पवित्रता जैसे उच्चतम मूल्यों की स्थापना करें।

**शिव सन्देश**

आपको यह जानकर अत्यंत खुशी होगी कि परमपिता परमात्मा इस धरती पर आ चुके हैं। वे एक साधारण साकारी माध्यम द्वारा पुन: नए सुख, शांति, प्रेम व आनन्द से समृद्ध संसार की स्थापना का कार्य प्रारम्भ कर चुके हैं। पवित्र महाशिवरात्रि का यही दिव्य सन्देश है। हम परमपिता परमात्मा शिव को प्रेम से याद करके, अपने सभी पापो से मुक्त हो सकते हैं। शिवरात्रि पर्व में सारी रात जागने का यही महत्व है की वर्तमान में जब सारा संसार अज्ञान की घोर रात्रि में सुषुप्त है, तब हम हमारे कर्मो के प्रति पूर्णत: जाग्रत हो जाएं। अपने संकल्पो और कर्मों को परमात्मा के निर्देशानुसार उच्चतम स्तर पर ले जाएं, जिससे हमें चिर स्थायी सुख, शांति और समाधान की प्राप्ति हों। आइये हम सभी संकल्प करें कि हम पांच विकारो के प्रभाव से मुक्त रहेंगे और उनसे प्राप्त होने वाले कष्टों व भोगनाओं का बुरे कर्मों द्वारा आव्हान नहीं करेंगे। हमारे द्वारा निरन्तर अच्छे व पुण्य कर्म ही होंगे।

# -: महिला दिवस पर विशेष :-

# नन्हीं कड़ी में आज की बात-हम हिन्द की हैं नारियां

हमारे भारत देश में आज के आधुनिक युग में महिलाओं को पुरुषों के बराबरी का स्थान हासिल है। स्त्री पुरुष समानता का भाव भी अब लोगों के दिलों में गहरा होता जा रहा है एक समय ऐसा था जब स्त्रियों को केवल शोभा की वस्तु समझा जाता था , लेकिन स्त्रियों ने भी दिखा दिया है कि वह पुरुषों के मुकाबले में किसी भी क्षेत्र में उन्नीस नहीं है। आज के आधुनिक युग में हम अगर स्त्रियों के स्थान की व्याख्या करना चाहें तो हमें शब्द कम पड़ जाएंगे। पश्चिमी देशों के साथ ही आज हमारे भारत देश में भी स्त्रियों ने दिखा दिया है कि वह हर वो कार्य कर सकती है जिसमें केवल पुरुषों का ही एकाधिकार समझा जाता था । आज महिलाओं ने बड़ी-बड़ी कंपनियों , बैंकों तथा उद्योगों में सी.ई.ओ. का पद हासिल कर लिया है ।

रक्षा क्षेत्र में जहां स्त्रियों का जाना असंभव सा माना जाता था वहां पर भी स्त्रियों ने अपना दम-खम दिखा दिया है ।भारत की जल सेना, थल सेना तथा वायु सेना इन तीनों सेनाओं में स्त्रियों ने न केवल उच्च पद हासिल कर लिया है बल्कि उन्होंने अपने कौशल्य और बहादुरी के दम पर अपना एक विशेष स्थान भी बना लिया है।

आज हम देख सकते हैं कि महिलाएं शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी अपना एक अलग स्थान बना रही है। हम देख सकते हैं कि बच्चों को प्राथमिक शिक्षा देने में पुरुषों के मुकाबले में एक महिला शिक्षिका अपना दायित्व ज्यादा जिम्मेदारी पूर्वक निभा रही है, क्योंकि यह शिक्षा वह मां बन कर देती है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी हम देखते हैं कि एक पुरुष डॉक्टर के साथ-साथ एक महिला परिचारिका की भी ख्याति होती रही है ।

यह सब मैं एक महिला होने के नाते नहीं कह रही हूं बल्कि आप स्वयं अनुभव कर सकते हैं । आज हमारे देश की लगभग आधी आबादी महिलाओं की है। आप स्वयं कल्पना कीजिए कि अगर महिलाओं को सिर्फ घर कार्य करने हेतु छोड़ दिया जाता तो हमारे देश की हालत महिला शक्ति के बिना क्या होती ? मैं अपनी बातों से पुरुषों की अहमियत को कम नहीं करना चाहती , मैं तो बस इतना ही कहना चाहती हूं कि ,देश की आधी आबादी अगर निष्क्रिय होकर केवल घर की शोभा बढ़ा रही होती तो हमारा भारत




देश वह मुकाम शायद इतने थोड़े से वक्त में हासिल नहीं कर सकता था, जिस मुकाम पर आज हमारा देश खड़ा है।

हमारे देश की आर्थिक उन्नति में महिलाओं का भी योगदान उतना ही है जितना कि एक पुरुष का है । देश के विकास में इतना अधिक योगदान होते हुए भी महिलाओं के लिए क्यों यह पंक्तियां सच साबित होती रहती हैं कि ......

क्यों है इसके जीवन में इतना हाहाकार? क्यों नहीं इसे स्वतंत्रता का अधिकार?

क्यों बढ़ता जाए इस पर परिस्थितियों का अत्याचार?

क्यों होता रहे इसके मान-सम्मान का पल-पल बलात्कार?

है तमन्ना मिलकर करें सब महिलाओं का सत्कार।

मैं यह भी नहीं कहना चाहती कि सभी महिलाओं ने घर से बाहर जाकर हर क्षेत्र में अपना नाम ऊंचा किया है ।मैं तो सिर्फ इतना ही कहूंगी कि अगर पुरुषों ने अपने सामाजिक दायरे को बढ़ाया है तो उसके पीछे भी एक स्त्री का मजबूत और भावनात्मक सहयोग छुपा हुआ है । क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि अगर गृहणी अपने परिवार को पूरा सम्मान नहीं देती , बच्चों की पढ़ाई की ओर ध्यान नहीं देती , सास-ससुर को माता पिता का दर्जा ना देती , देवर-ननद को भाई-बहन जैसा प्यार ना देती तो क्या पुरुष निश्चित होकर इन सब दायित्वों का निर्वाह करते हुए अकेला ही सब कार्य कर सकता था ? जी नहीं बिल्कुल नहीं ,क्योंकि आज का पुरुष भी नारी के सहयोग के बिना अधूरा ही है। सच पूछे तो नारी को हम सर्वगुण संपन्न होने का दर्जा दे सकते हैं क्योंकि वह अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाह करते हुए, घर परिवार का पूरा ख्याल रखते हुए विभिन्न क्षेत्रों में अपना एक महत्वपूर्ण योगदान दे रही है ।अगर नारी कहीं नौकरी भी करती है तो वह अपने घर के दायित्वों का पूर्ण रूप से निर्वाह करते हुए अपने कर्म क्षेत्र को भी अपनाती है। गृहस्थ जीवन के दो पहिये माने गये है, एक पहिया पुरुष है तो दूसरे पहिये का स्थान नारी को हासिल है क्योंकि उसके बिना गृहस्थ जीवन अथवा परिवार की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। उन बच्चों से पूछिए जिनके सर पर मां का हाथ नहीं है , उन पुरुषों से पूछिए, जिनकी जीवन-संगिनी का अकस्मात निधन हो गया है , वे आप सभी को भली-भांति समझा सकते हैं कि जीवन में स्त्री का महत्व हर एक रिश्ते में कितना जरूरी है। मैं भी एक नारी हूं इसलिए नारी के रूप में निर्वाह किए गए अपने कर्तव्यों का मुझे पूर्ण ज्ञान है। मैं यह नहीं कह सकती कि नारी में कोई कमी नहीं होती पर अगर उसमें कोई कमी रह जाती है , तो वह उस कमी की पूर्ति अपनी दूसरी खूबी से कर लेती है।

एक नारी पुरुष के सहयोग के बिना भी अपना जीवन, अपना परिवार कुशल तरीके से चला सकती है यही उसकी पहचान है ।

भारतीय इतिहास से लेकर आज के वर्तमान युग तक हम नारी द्वारा किए गए कार्यों को भली-भांति देख सकते हैं...

क्या हम झांसी की रानी के कौशल्य और वीरता को भुला सकते हैं ?

क्या हम इंदिरा गांधी द्वारा पाकिस्तान के दो टुकड़े करने वाले साहसिक कार्य को विसरा सकते हैं ?

क्या हम हमारे देश की पूर्व रक्षा मंत्री और वर्तमान में वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण की देश को मजबूती देने और उनके बुलन्द इरादों को हम अनदेखा कर सकते है? मैं अगर नारी शक्ति की व्याख्या करने बैठूंगी तो शायद कागज भी कम पड़ जाएंगे । कहने का एक छोटा सा अर्थ यह है कि , आज महिला दिवस के उपलक्ष में नारी के छोटे से योगदान को भी हमें याद रखना चाहिए सभी स्त्रियों को महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं....

आज के दिन नारी शक्ति से बस इतनी सी गुजारिश है कि वे अपने परिवार , समाज और देश के लिए अपने अंदर का बेहतर अर्पण करें और स्वयं को अबला न समझें क्योंकि अबला नहीं सबल है हम....

मैं भी एक नारी.........

**तमन्ना मतलानी**

## 12 तक जमा कर सकते है प्रस्ताव

# धार्मिक अल्पसंख्यक स्कूलों के लिए अनुदान योजना

**गोंदिया**-राज्य में धार्मिक अल्पसंख्यक बहुल शासनमान्य निजी शाला, जूनियर कॉलेज, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था और विकलांग शालाओं में बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने सरकार की वर्ष 2023-24 के लिए अनुदान योजना है. शालाओं से प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं. जिला नियोजन अधिकारी सुनील धोंगड़े ने इच्छुक शालाओं से अपील की है कि 12 मार्च 2024 तक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से पूरा प्रस्ताव जिलाधीश कार्यालय गोंदिया को प्रस्तुत करें. जिलाधीश कार्यालय को प्राप्त प्रस्ताव का परीक्षण कर त्रुटियों को पूर्ण कर शासन को प्रस्तुत किया जाएगा. उन्होंने यह भी कहा कि प्रस्ताव निर्धारित समय-सीमा में प्रस्तुत किए जाए, सरकार राज्य में धार्मिक अल्पसंख्यक छात्रों की बहुलता वाले सरकारी मान्यता प्राप्त सहायता प्राप्त, गैर महायता प्राप्त, स्थायी सहायता प्राप्त शालाओं, जुनियर कॉलेजों औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों और दिव्यांग शालाओं में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने अनुदान प्रदान करने की योजना बना रही है. योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी अल्पसंख्यक विकास विभाग के शासनादेश में दी गई है. विद्यालय भवन का नवीनीकरण व मरम्मत, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था, पुस्तकालय का उन्नयन, प्रयोगशाला का निर्माण/अद्यतन, कंप्यूटर कक्ष का निर्माण/अद्यतन, शौचालय/शौचालय का निर्माण/नवीनीकरण, छात्रों के लिए आवश्यक फर्नीचर, जेरॉक्स मशीन की खरीदी, अंग्रेजी भाषा प्रयोगशाला की स्थापना करने आदि सुविधाओं के लिए अनुदान प्राप्त करने इच्छुक शिक्षण संस्थानों को शासनादेश में निर्धारित प्रारूप में शिक्षा अधिकारी के अनुमोदन से जिलाधीश कार्यालय में निर्धारित समय के भीतर प्रस्ताव प्रस्तुत करना होगा.

## नप में दीया तले अंधेरा

# परिसर में पड़ा कचरा दे रहा बीमारियों को आमंत्रण



**गोंदिया**-घन कचरा व्यवस्थापन प्रकल्प के अभाव में बड़ी समस्या निर्माण हो रही है. शहर से प्रतिदिन करीब 50 टन कूड़ा जमा किया जाता है. इसमें में 15 से 20 टन सूखा कूड़ा होता है. सफाई कर्मियों के अनुसार सूखे कचरे में हर दिन औसतन 80 किलो प्लास्टिक होता है. परिसर में फैले कचरे की दुर्गंध से लोग परेशान - घंटा गाड़ियों से लाया गया कचरा नप के पीछे स्थित हिंदी टाउन स्कूल परिसर में जमा किया जा रहा है. उठाकर बाहर ले जाया जाता है, लेकिन जमा कचरा अनेक दिनों तक पड़ा रहने से परिसर के नागरिक गंदगी व दुर्गंध से परेशान हो गए है. वहीं इस कचरे के ढेरों को सूअर व श्वानों द्वारा फैलाया जा रहा है, नप प्रशासन से कचरे का निपटारा करने की मांग नागरिकों ने की है.

**घन कचरा व्यवस्थापन प्रकल्प का अभाव**

नगर परिषद के पास कचरा व्यवस्थापन प्रकल्प नहीं है. 8 साल से इसके लिए निधि मिलने के बाद भी इसके लिए जगह नहीं है, जिससे कूड़े की समस्या है. वर्तमान में कचरे को गोरेगांव तहसील के हिरडामाली में व्यवस्थापन प्रकल्प में भेजा जा रहा हैं. गत महीने गोंदिया के कचरे को लेकर हिरडामाली के नागरिकों ने विरोध किया था. अब फिर नगर परिषद की सिरदर्द बढ़ गया है.

50 माइक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक बैग बाजार में दूकानदारों और खुदरा विक्रेताओं द्वारा व्यापक रूप से बेचे और उपयोग किए जाते हैं. संबंधित दुकानदारों व विक्रेताओं के खिलाफ नियमित कार्रवाई नहीं होने से प्लास्टिक के उपयोग व विक्री की मात्रा में वृद्धि हुई है. शहर में 100 से अधिक होटल, चाइनीज, वड़ा पाव विक्रेताओं के साथ-साथ कपड़ा दूकानदार, बर्तन विक्रेता और व्यवसायी हैं. बड़ी मात्रा में प्लास्टिक थैलियों का भी उपयोग किया जा रहा है.

# गुजराती राष्ट्रीय माध्यमिक शाला में विज्ञान प्रदर्शनी का सफल आयोजन




**गोंदिया**-स्थानिय गुजराती राष्ट्रीय माध्यमिक शाला में प्रति वर्ष अनुसार अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की उपलक्ष में विज्ञान प्रदर्शनी का सफल आयोजन किया गया। शाला के सरदार वल्लभभाई पटेल सभाग्रह में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।जिसमें कक्षा पांचवी से लेकर दसवीं तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. इस प्रदर्शनी में 70 मॉडल 120 चार्ट विद्यार्थी द्वारा बनाए गए तथा प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों ने विज्ञान के प्रति अपनी रुचि और बौद्धिक ज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सबको अचंभित कर दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रा.डॉ.चरणसिंह जुनेजा के शुभस्ते किया गया। विशेष अतिथि के रूप में गोंदिया के डॉक्टर दंपति श्री श्रीमती जयपुरिया तथा सतीश अग्रवाल ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति प्रदान कर उसकी शोभा बढ़ाई और बच्चों के तार्किक क्षमता और कौशल्या की सराहना कर उनकी हौसला अफजाई भी की। प्रदर्शनी में निर्णयक के रूप में एस . एम.पटेल जूनियर कॉलेज के वरिष्ठ अध्यापिका वीणा आचार्य और ज्योति तिवारी ने प्रमुख भूमिका निभाई। संस्था सचिव अजय वडेरा,चंद्रेश माधवानी, सदस्य पवित्राबेन पटेल व पूजा बेन शाहा ने भी विद्यार्थियों की प्रशंसा की। प्रस्तुत विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं उपहार शालेय प्रधानाध्यापिका श्रीमती रिजवाना अहमद और पर्यवेक्षक अरविंद पाटील के हस्ते प्रदान किया गया। कार्यक्रम में साइंस क्लब के शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपना महत्वपूर्ण योगदान देकर उसे सफल बनाया। साथ ही शिक्षाका रश्मि गुप्ता ने विज्ञान दिवस सविस्तर जानकारी सभी विद्यार्थी को प्रदान की।शाला के समक्ष शिक्षक गण व कर्मचारियों ने विद्यार्थियों की सराहना की और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

# आरोपी को 7 वर्ष की जेल

**गोंदिया**-रावणवाड़ी थाने के तहत कलारीटोला निवासी आरोपी ने रोशनी नेवारे (24) को कार लेने के लिए 2 लाख का दहेज मांगकर प्रताड़ित किया था. इसके बाद रोशनी नेवारे ने तंग आकर आत्महत्या कर ली थी. घटना की शिकायत चंदनलाल चौधरी ने रावणवाड़ी थाने में की थी. मृतक का पति नीतेश नेवारे के साथ ही सोमाजी नेवारे, पारबता नेवारे, सकुचंद नेवारे व गीता नेवारे को हिरासत में लिया था. इस मामले में 4 मार्च 2024 को न्यायालय ने आरोपी नीतेश नेवारे को 7 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. जानकारी के अनुसार मृतक रोशनी नेवारे (24) का विवाह वर्ष 2017 में नितेश नेवारे के साथ हुआ था, विवाह के 3 माह के बाद आरोपियों ने साठगांठ कर रोशनी को अपने मायके से कार के लिए 2 लाख लाने के लिए प्रताड़ित कर रहे थे. जिससे तंग आकर उसने आत्महत्या कर ली थी. फिर्यादी मृतक के पिता की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था. जांच पूरी होने पर मामला दर्ज किया गया. 5 आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में दोषारोप पत्र पेश किया. न्यायाधीश ए.टी. वानखेड़े ने सबूतों और गवाहों के आधार पर 4 मार्च 2024 को आरोपी नितेश नेवारे को भादवि की धारा 304 (ब) के तहत 7 वर्ष के सश्रम कारावास व 3 हजार रुपए जुर्माना, जुर्माने की राशि नहीं भरने पर 4 महोने का अतिरिक्त कारावास, भादवि की धारा 498 (अ) के तहत 3 वर्ष का सश्रम कारावास व 2 हजार रुपये जुर्माना, जुर्माने की राशि नहीं भरने पर अतिरिक्त 2 महीने के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगले, अपर पुलिस अधीक्षक नित्यानंद झा, उपविभागीय पुलिस अधिकारी रोहिनी बानकर के मार्गदर्शन में जांच अधिकारी पुलिस निरीक्षक सांडभोर, पुलिस कर्मी संजय चव्हाण ने कारभार संभाला।

# प्रभारी के भरोसे कामकाज

## शिक्षा विभाग के कर्मियों पर बढ़ा काम का बोझ



**गोंदिया**-पिछले कुछ वर्षों में शिक्षा विभाग का प्रशासन अव्यवस्थित हो गया है. सिर्फ प्रभारी पर ही प्रशासन चल रहा है. देखने में आ रहा है कि प्रभार देने में कोई सावधानी नहीं बरती जा रही है. माध्यमिक विभाग के शिक्षाधिकारी कादर शेख का स्थानांतरण होने से कार्यभार सालेकसा गुट विकास अधिकारी विशाल डोंगरे को सौंपा गया है. उनके पास पहले से ही आमगांव गुट विकास अधिकारी का भी प्रभार है. गोंदिया से सालेकसा की दूरी 50 किमी है. फिलहाल शिक्षा विभाग में काम बढ़ जाने के कारण तीनों जगहों पर हालत खराब दिखाई दे रही हैं.

### प्राथमिक शिक्षाधिकारी का पद कई दिनों से रिक्त

शिक्षा विभाग एक महत्वपूर्ण विभाग है. भावी पीढ़ी के निर्माण का कार्य इस विभाग के माध्यम से किया जाता है. माध्यमिक व प्राथमिक शिक्षा विभाग के प्रशासनिक प्रमुखों की बड़ी जिम्मेदारी है. प्राथमिक शिक्षाधिकारी का पद काफी दिनों से रिक्त है. जिम्मेदारी उप शिक्षाधिकारी महेंद्र गजभिये को सौंपी गई. माध्यमिक विभाग के शिक्षाधिकारी कादर शेख का स्थानांतरण होने के कारण इस पद का प्रभार सालेकसा के गुट विकास अधिकारी विशाल डोंगरे को सौंपा गया है. विशाल डोंगरे पहले से ही आमगांव के प्रभारी थे. अब फिर से शिक्षाधिकारी पद का प्रभार आ गया. प्राथमिक विभाग में न्यायालय से संबंधित कई मामले हैं. इस पद पर बैठा व्यक्ति व्यस्त है. 2 पंस का प्रबंधन करना मुश्किल हो रहा है.

# रासेयो विशेष शिविर कार्यक्रम का समापन



**गोंदिया**-श्यामलता बहुउद्देशीय शिक्षण संस्था गोंदिया द्वारा संचालित श्यामकिशोर पशिने कला, वाणिज्य तथा विज्ञान महाविद्यालय दासगांव द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग अंतर्गत ग्राम निलज में विशेष शिविर का आयोजन किया गया था. विशेष शिविर कार्यक्रम का समारोप कार्यक्रम 28 फरवरी को विट्ठल रुक्मिणी मंदिर निलज में किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डा. एस. आर. चोपणे ने की प्रमुख अतिथि के रूप में सचिव र भुमिका एस पशिने, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रा. एन. आर. गाँधरे, डा. ब. नलिनी पशिने, डा. अल्का दूधबुरे, प्रा. अनीता येवले, प्रा. चुलपार, पवन जायस्वाल, गिरजाशंकर बिसेन आदि व समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे.

# वंदेभारत एक्सप्रेस का डोंगरगढ़ में स्टापेज



**गोंदिया**- रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बिलासपुर व नागपुर के बीच चलने वाली 20825/20826 बिलासपुर-नागपुर-बिलासपुर वंदेभारत एक्सप्रेस का ठहराव डोंगरगढ़ स्टेशन पर दिया जा रहा है. प्रस्ताव प्रायोगिक तौर पर 6 मार्च से ट्रेन क्र. 20826 नागपुर-विलासपुर वंदेभारत एक्सप्रेस को व 7 मार्च से ट्रेन क्र. 20825 बिलासपुर- नागपुर वंदेभारत एक्सप्रेस को दिया जा रहा है. इसमें ट्रेन निरीक्षण नहीं कर रहे हैं. क शिक्षाधिकारियों के दस्ते ही इक्का-दुक केंद्रों पर जाकर महज खानापूर्ति कर रहे यही वजह है कि नकल के मामले साम नहीं आ रहे हैं. क्र.20826 गोंदिया से 15.38 बजे रवाना होगी जो डोंगरगढ़ में 16.29 बजे पहुंचेगी और 16.30 बजे रवाना होगी. वहीं 16.44 बजे राजनांदगांव पहुंचेगी. इसी तरह ट्रेन क्र. 20825 राजनांदगांव से 9.03 बजे रवाना होगी जो 9.21 बजे डोंगरगढ़ पहुंचेगी और 9.22 बजे रवाना होगी और गोंदिया 10.23 बजे पहुंचेगी.

# महिला मोर्चा ने निकाली नारी शक्ति वंदन रैली



**गोंदिया**-भारतीय महिला मोर्चा की ओर से %नारी शक्ति वंदन रैली भाजपा शहर महिला मोर्चा अध्यक्ष निर्मला मिश्रा के नेतृत्व में हुई. भाजपा जिलाध्यक्ष तुमेश्वरी बघेले के मार्गदर्शन में पैदल यात्रा भाजपा कार्यालय से निकली जो गांधी प्रतिमा चौक होते हुए जयस्तंभ चौक पहुंची. महाराष्ट्र प्रदेश उपाध्यक्ष शालिनी ष्ट्व डोंगरे, जिला उपाध्यक्ष भावना कदम, प्रदेश 1 कार्यकारिणी सदस्य धर्मिष्ठा सेंगर, जिला महामंत्री प्रमिला सिंद्रामे, पूजा तिवारी, रोता बागड़े, शहर महामंत्री रजनी टिकारिया, कुंदा चंद्रिकापुरे, नीलिमा मानिकपुरी, पूजा जैसवाल, लक्ष्मी चौधरी, शहर उपाध्यक्ष अंजू सरजारे, रूपाली रोकड़े, आशा जैन, रंजीता कनोजिया, सुरेखा कनोजिया, सुरेखा चौहान, गोंदिया शहर महिला मोर्चा पदाधिकारीगण व सदस्य मीना राजकुमार, मालेश्वरी दामोदर, संध्या गंगभोज, राखी भारद्वाज, विजया ओझा, वर्षा खरोले, ऋ्षु मंडल, सोनू पारधी, सुंदर कनोजिया, रति चौहान, अंजू गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# सोनबिहरी में चलाया पल्स पोलियो अभियान




**गोंदिया**-तहसील के गांवों के सार्वजनिक स्थलों पर बुथ लगाकर 3 मार्च को बच्चों को दो बूंद जिंदगी के स्वास्थ्य विभाग ने पिलाई है. जिप सदस्य विजय उइके ने ग्राम सोनबिहरी, नीलागोंदी, नवेगांव, धापेवाडा आदि ग्रामों में। भेट देकर बच्चों को पल्स पोलियों पिलाई. राष्ट्रीय पोलियों अभियान अंतर्गत ग्राम सोनबिहरी में उप प्रथामिक स्वास्थ्य केंद्र में ग्राम परिसर के बच्चों को जिप सदस्य विजय उइके के हस्ते दो बूंद जिंदगी के पिलाए गए. इस अवसर पर डा. रूपाली रहांगडाले, रंजनी रामटेके, दुर्गेश लिल्हारे, गीता लिल्हारे, राधेलाल लिल्हारे, महेश दमाहे, प्रेम लिल्हारे, रवि बोहने आदि उपस्थित थे.

# मतदान जनजागृति कार्यक्रम




**गोंदिया**-तहसील कार्यालय गोरेगांव और लायंस क्लब गोंदिया सिविल द्वारा मतदान जनजागृति कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया. कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख रूप से गोरेगांव तहसीलदार किशन भदाने, नायब तहसीलदार जयंत सोनवाने, तहसील कार्यालय के गजभिए, गुट शिक्षाधिकारी व लायंस क्लब गोंदिया सिविल के प्रेसिडेंट नीलकंठ सिरसाटे, सचिव पोमेंद्र कटरे, कोषाध्यक्ष इरफान काजी, किशोर पटले, एन. सी. रहांगडाले, मंजूषा पटले उपस्थित थे. लगभग 1,500 विद्यार्थियों द्वारा मानव संकल बनाकर और विभिन्न स्लोगन के साथ शत प्रतिशत मतदान करने का आह्वान जनता से किया गया. लायन्स क्लब गोंदिया सिविल द्वारा सभी छात्रों को वेफर्स वितरण कर उनका मनोबल बढ़ाया गया. सफलतार्थ गोरेगांव तहसील के सभी स्कूल के मुख्याध्यापक, शिक्षक व शिक्षिकाओं का सहयोग रहा.

# लोकसभा चुनाव में मतदान जनजागृति की ली शपथ



**गोंदिया**-जिला परिषद गोंदिया त की ओर से आयोजित सरपंच समारोह में स्वीप अंतर्गत मतदान जनजागृति की शपथ ली गई. सभी सरपंच व पदाधिकारियों सहित नागरिकों द्वारा निष्पक्ष मतदान किया जाए व अन्यों को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने का आह्वान भी इस समारोह में किया गया. जलसंपदा विभाग की सहायक अभियंता तथा स्वीप की नोडल अधिकारी शिखा पिपलेवार व टीम प्रमुखता से उपस्थित थी. न्यू ग्रीनलैंड लॉन गोंदिया में जिला स्तरीय सरपंच समारोह आयोजित किया गया था. इस अवसर पर जिप अध्यक्ष पंकज रहांगडाले, मुख्य कार्यकारी अधिकारी एम. मुरुंगनंथम, जिप सभापति योपेंद्रसिंह टेंभरे, प्रमिला गणवीर, अंबिका बंजार, जिप गुट नेता लायकराम भेंडारकर, सुरेश हर्षे, आनंद वाढिवा, जिप सदस्य उषा मेंढे, अंजली अटरे, जगदीश बावनथड़े प्रवीण पटले, विजय उइके, रितेशकुमार मलघाम, वंदना काले, हनवंत वट्टी, राधिका धरमगुडे, चर्तुभूज बिसेन, उषा शहारे, लक्ष्मी तरोणे, कविता रंगारी आदि उपस्थित थे. सरपंच समरोह में मतदान जनजागृति के लिए प्रश्नमंजूषा भी ली गई. चुनाव, मतदान के निय, कानून व धाराओं पर पूछे गए प्रश्नों का सरपंचों ने सटिक जवाब दिया. सही जवाब देनेवाले सरपंचों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. इस दौरान मतदान जनजागृति को लेकर विविध फलक भी लगाए गए थे. जिसमें वोट डालकर आएंगे-अपना फर्ज निभाऐंगे, नए भारत के निर्माण में अपना योगदान दें-मतदान जरूर करें, आपका मतदान ही है लोकतंत्र की जान, मतदान - जरूर करें-बढ़ाऐ भारत की शान, मतदान 1 केंद्र जाउंगा-देश को उज्वल भविष्य द बनाउंगा के घोषवाक्य से सेल्फी पॉईंट न लगाकर मतदान जनजागृति की गई.

# लोस चुनाव की तैयारियों में जुटा प्रशासन

**गोंदिया**-आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू करने और आपसी सहयोग व समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश के बालाघाट, छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव और महाराष्ट्र के गोंदिया जिले की पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक देवरी स्थित आदिवासी विकास प्रकल्प कार्यालय में हुई.

उल्लेखनीय है कि जिले कि आमगांव विधानसभा क्षेत्र की सीमा मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्य से मिलती है और देवरी से छत्तीसगढ़ के बाघनदी (राजनांदगांव), आमगांव से मध्यप्रदेश के लांजी, सालेकसा से मध्यप्रदेश के बहेला तथा छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ तक सड़क मार्ग से सीधा जुड़ा है. लोकसभा चुनाव के दौरान इन मागों से शराब, तय सीमा से अधिक नकद राशि और अन्य निषेध वस्तुओं के परिवहन को रोकने आपसी सहयोग और समन्वय स्थापित करना बैठक का उद्देश्य था. बैठक में डोंगरगढ़ उपविभागीय अधिकारी गिरीष रामटेके, लांजी उपविभागीय अधिकारी प्रदीप कौरव, देवरी उपविभागीय अधिकारी सत्यम गांधी, उपविभागीय पुलिस अधिकारी लांजी (मप्र) सत्येंद्र घनघोरिया, आशीष कुंजाम, खेमलाल वर्मा, उपविभागीय पुलिस अधिकारी आमगांव, उपविभागीय पुलिस अधिकारी देवरी. तहसीलदार, मुकेश ठाकुर, संजय बारस्कर, संतोष महाले, रवि होली, सालेकसा तहसीलदार नरसैय्या कोंडागुर्ले, लांजी के थानेदार दिनेश सोलंकी, बहेला के थानेदार मदन इवने, बाघनदी थानेदार नविन इंका, छुरिया थानेदार अविकुमार श्रीवास्तव और देवरी के थानेदार प्रविण डांगे उपस्थित थे.


# 4 माह से राइस मिलें बंद

## शासन की अनदेखी, खुले आसमान के नीचे पड़ा है धान




**गोंदिया**-अक्टूबर माह से गोंदिया, गड़चिरोली व चंद्रपुर जिले की लगभग 600 राइस मिलें बंद है. राइस मिलों का पिछले 3 साल का बकाया ट्रांसपोर्टिंग का बिल व मिलर्स का बिल शासन दे रही है. जिससे राइस मिल मालिकों को बैंक वाले परेशान कर रहे है. जिसकी वजह से राइस मिल मालिक आत्महत्या करने पर मजबूर हो रहे है. एमएसपी की वजह से संपूर्ण धान सरकार ले लेती है. वही धान मिलर्स को मिलिंग करके सरकार को चावल देना पड़ता है. मिलर्स द्वारा दिया गया चावल ही राशन दुकानों के माध्यम से गरीब जनता को वितरित होता है. पड़ौसी राज्य छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश में मिलर्स को 200 रु. व 120 रु. प्रति क्विंटल मिलिंग दी जाती है. लेकिन महाराष्ट्र में इसका रेट मात्र 10 रु. प्रति क्विंटल है. धान हो रहा खराब = इससे मिलर्स को हमाली, इलेक्ट्रीक बिल व शासन के नियमानुसार । क्विंटल धान में 67 प्रश, चावल देना होता है. मिलर्स बार-बार मांग कर रहा है कि हमें भी पड़ौसी राज्य में जो मिलिंग मिल रही है वह मिलिंग रेट महाराष्ट्र में भी दिया जाए. लेकिन शासन गहरी नींद में सोया है. इस वर्ष शासन ने करोड़ों क्विंटल धान किसानों से खरीदा है लेकिन वह धान खुले आसमान में पड़ा है. मिलर्स उसकी मिलिंग करने तैयार नही है. धान खराब हो रहा है. उसकी भी परवाह शासन को नहीं है. मिले बंद होने से मजदूर, ट्रांसपोर्टर व मिलर्स से संबंधित व्यक्ति बेरोजगारी के कारण खाली बैठे है. गोंदिया, गडचिरोली व चंद्रपूर जिले में मात्र राइस उद्योग हो है यह उद्योग चलता है, तो बाजार में रौनक रहती है. ऐसी मांग सभी जिले के मिलर्स द्वारा की जा रही है.

# रक्तदान कर निभाया मानव धर्म




**गोंदिया**-रक्तदान ही मानव धर्म है. सभी धर्म मानव हमें मानव धर्म ही सीखते है. हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई कोई भी धर्म का व्यक्ति रक्तदान कर जीवनदान दे सकता है. सोच सेवा संस्था ऐसे ही जरूरतमंदों को रक्तदान करने का काम पिछले 10 वर्षों निरंतर कर रही है. अभी तक संस्था ने 2,5000 यूनिट से अधिक रक्तदान किया है. निगेटिव ब्लड जो हजारों लोगों में से एक व्यक्ति का होता है, फिर भी सोच सेवा संस्था ऐसे लोगों से संपर्क कर जरूरतमंदों को रक्तदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है. ऐसा ही मानव धर्म - कर्त्तव्य निभाया एवी निगेटिव शाहरुख पठान ने. सोच सेवा संस्था को सोनू पटले द्वारा मिली सूचना कि बी जी डब्ल्यू शासकीय महिला अस्पताल में भर्ती मरीज अंबिका सौसकर को एबी निगेटिव ब्लड की अत्यंत आवश्कता है. शाहरुख पठान ने लोकमान्य ब्लड बैंक आकर एबी निगेटिव रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया. सौरभ रोकड़े, प्रतिक लांजेवार, सोच सेवा संस्था व मरीज परिजनों द्वारा शाहरुख पठान का आभार व्यक्त किया गया. संस्था की ओर से प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया.

# डॉ. फुके एक्शन मोड में, झांसीनगर पहुँचकर लिया प्रकल्प का जायजा

## पहले मिलेगा 5 गाँवों को सिंचन का लाभ, खरीफ सीजन में मिलेगा 27 गाँव को लाभ



**अर्जुनी मोरगाँव**-राज्य के पूर्व वनमंत्री एवं जिले के पूर्व पालकमंत्री डॉ. परिणय फुके आगामी 8 मार्च को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर पिछले 28 सालों से सफेद हाथी बनकर अधूरी पड़ी झाँसीनगर उपसा सिंचन योजना टप्पा-1 को शुरू करने जा रहे है।

महाशिवरात्रि को श्री फुके के हस्ते नवेगांव बांध में जलपूजन होना है। ग्रामीणों के लिए महत्वाकांक्षी इस सिंचन योजना को सुचारू रूप से शुरू करने स्वयं पूर्व पालकमंत्री डॉ. परिणय फुके ने झाँसीनगर पहुँचकर उपसा सिंचन योजना टप्पा-1 का निरीक्षण किया और कार्य किस स्थिति में जारी इसे देखा।

इस दौरान उनके साथ कार्यकारी अभियंता नरेंद्र हिंगे, ठेकेदार व अन्य अधिकारी के अलावा जितु कापगते, चेतन नाकाडे, होमराज पुस्तोडे, पराग कापगते, राकेश शेंडे, अविनाश कापगते, उमाकांत बकाने, यश गाडवे, निशांत गाडवे उपस्थित रहे। फुके ने कहा पिछले 28 वर्षों से अधर में लटकी धान उत्पादक किसानों के लिए जीवनदायिनी इस झाँसीनगर उपसा सिंचन योजना को पूर्ण रूप से क्रियान्वित करने मैं कटिबद्ध हूँ। रबी में पांच गाँव से अधिक गाँवों को सिंचन के लिए पानी मिले इस हेतु हम प्रयासरत है। आने वाले कुछ सालों में ये योजना किसानों के लिए वरदान साबित होंगी।

निरीक्षण के दौरान विद्युत की कमी का मामला सामने आने पर तत्काल उन्होंने मुख्य अभियंता से बातचीत कर ये बात उनके निर्देशन में लायी और उसका समाधान करने के निर्देश दिए। फुके ने ये भी पाया कि झाँसीनगर उपसा सिंचन योजना के कैनल पर सुरक्षा दीवार न होने पर उसका पानी अन्य जगह भी व्यर्थ जा सकता है। उन्होंने इसके लिए निधि उपलब्ध कराने की बात की।

# घरों में सेंध लगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

## स्थानीय अपराध शाखा की कार्रवाई



**बुलंद गोंदिया**-शहर के बंद घरों में चोरी करने वाले आरोपी को स्थानीय अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है. आरोपी का नाम नंगपुरा मुर्री निवासी राहुल उर्फ चोचो गेंदलाल ओमकारकर (24) बताया गया है. मदीना मस्जिद के पास बाजपेई वार्ड निवासी फिर्यादी मोहम्मद शाकीर अब्दुल गनी कुरैशी के भाई एच.के.एन. ऑटोपार्ट एंड रिपेअर्स के दुकान का ताला तोड़कर लॉकर में रखे 30 हजार रु. अज्ञात आरोपी ने चुरा लिए थे. जिसकी शिकायत शहर थाने में की गई थी. वरिष्ठों के निर्देश पर स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक दिनेश लबडे के मार्गदर्शन में स्थानीय अपराध शाखा के कर्मचारियों ने एफ.सी.आई गोदाम परिसर में घरों में चोरी करने वाले आरोपी नंगपुरा मुर्री निवासी राहुल उर्फ चोचो ओमकारकर (24) हिरासत में लिया गया. उसकी गहनता से पूछताछ करने पर उसने पैकनटोली निवासी सुरज उर्फ मित्तल तुपटे के साथ मिलकर बाजपेई चौक की दुकान में चोरी करने का अपराध कबुल किया. आरोपी के पास से 5 हजार 200 रु. जब्त किए गए. यह कार्रवाई वरिष्ठों के निर्देश पर स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस उपनिरीक्षक महेश विघ्ने, सहायक फौजदार कावड़े, हवलदार देशमुख, मेहर, कोडापे, गायधने, हलमारे, रियाज शेख, सिपाही संतोष केदाम, येरणे ने की है.

# खेत में जुआ अड्डे पर छापा 1.23 लाख का माल जब्त



**बुलंद गोंदिया**-स्थानीय अपराध शाखा के टीम ने नवाटोला, नागरा खेत परिसर में जुआ अड्डे पर छापा मारकर 8 लोगों के साथ 1 लाख 23 हजार 425 रुपए का माल जब्त किया है. वरिष्ठों द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार स्थानीय अपराध शाखा की टीम जिले में अवैध धंधों के खिलाफ प्रभावी छापेमारी अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है. इस बीच 3 मार्च को मिली गुप्त जानकारी के आधार पर अपराध शाखा की टीम ने ग्रामीण थाना क्षेत्र के नवाटोला, नागरा खेत परिसर में जुआ अड्डे पर छापा मारकर 8 लोगों को हिरासत में लिया. जुआ खेलने वालों के कब्जे से 22500 रुपए नकद, 6 मोबाइल कीमत 1 लाख रुपए, 100 रुपए का एक गमछा व 825 रुपए की तासपत्ती मिलाकर कुल 1 लाख 23 हजार 425 रुपए का माल जब्त किया है. आरोपी अंगुर बगीचा कटंगी निवासी स्वप्नील झाडे (27), कुड़वा निवासी कुणाल राणे (24), रामनगर निवासी अलताफ राइन (25), टेमनी निवासी राजेंद्र सेवकराम लिल्हारे (35), अंसारी वार्ड निवासी अमजद मंजुर तिगाला (40), भीमनगर निवासी विवेक प्रकाश कांबले (30), कन्हारटोली निवासी प्रदीप लक्ष्मीनारायण शेंडे (32) व कुड़वा तेज रफ निवासी जितेंद्र डहारे (40) के खिलाफ ग्रामीण थाने में मामला दर्ज किया गया. कार्रवाई पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगले, अपर पुलिस अधीक्षक नित्यानंद झा के निर्देश पर व स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक दिनेश लबडे के मार्गदर्शन में पुलिस उपनिरीक्षक महेश विघ्ने, हवलदार सोमू तुरकर, रियाज शेख, प्रकाश गायधने, सिपाही संतोष केदार, हवलदार लक्ष्मण बंजार ने की.

# नगर पंचायत टैक्स में बढ़ोतरी न करें प्रशासक को सौंपा ज्ञापन



**सालेकसा**-सालेकसा नगर पंचायत क्षेत्र में संपत्ति टैक्स व अन्य किसी भी प्रकार के टैक्स में बढ़ोतरी न की जाए. ऐसी मांग करते हुए सालेकसा के नागरिकों ने नगर पंचायत के प्रशासक तथा तहसीलदार नरसैय्या कोंडागुर्ले को ज्ञापन सौंपा है. ज्ञापन के माध्यम से नागरिकों ने बताया कि शासन निर्णय के अनुसार वर्ष 2014-15 में ग्राम पंचायत का रुपांतरण नगर पंचायत में किया गया था. लेकिन सालेकसा नगर पंचायत क्षेत्र में हलबीटोला, मुरुमटोला, सालेकसा, जांभड़ी, बाकलसर्रा, कोवाचीटोला गांव आते हैं. इसमें वर्ष 2018 में ग्राम पंचायत आमगांव खुर्द का भी समावेश किया गया. सालेकसा नगर पंचायत में पिछले चुनाव में चुनकर आए प्रतिनिधियों का कार्यकाल वर्ष 2023 में खत्म हो चुका है और वे जब कार्यकाल में थे तो उनके द्वारा किसी भी प्रकार के टैक्स बढ़ोतरी का निर्णय नहीं लिया गया था. नगर पंचायत का स्वरूप भले ही शहर जैसा लगता है, लेकिन देखा जाए तो गांव जैसी ही स्थिति है. ऐसे में टैक्स में बढ़ोतरी कर नागरिकों को मानसिक, आर्थिक प्रताड़ित न किए जाए. अगले चुनाव में जब तक जनप्रतिनिधि चुनकर नहीं आ जाते, तब तक उनकी सलाह के बिना नगर पंचायत क्षेत्र में किसी भी तरह की टैक्स बढ़ोतरी जाए. इस अवसर पर विजय फुंडे, शैलेशस बहेकार, निर्दोष साखरे, सुभाष हेमने, सुनील असाटी, ब्रजभूषण बैस, अमोल शहारे आदि उपस्थित थे.

# जीर्ण हो चुके मकानों में रह रहे नागरिक घरकुल की मरम्मत के लिए निधि की जरूरत



**अर्जुनी मोरगांव**-सरकार द्वारा 20 से 25 वर्षों पूर्व बनाकर दिए गए घरकुल अब जीर्ण अवस्था में पहुंच चुके हैं. कवेलू और दरवाजे भी फूट चुके हैं. ऐसे में जीर्ण मकानों में अनेक नागरिक निवास कर रहे हैं. बारिश के दिनों में कभी भी खतरा निर्माण होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता. इस कारण सरकार से घरकुल दुरुस्ती के लिए निधि उपलब्ध कराने की मांग लाभार्थी कर रहे हैं. गरीब व गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे नागरिकों को निवास की सुविधा के लिए सरकार ने घरकुल योजना का क्रियान्वयन किया. रमाई आवास योजना, शबरी आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना से घरकुल बनाने के लिए गरीब लाभार्थीयों को सरकार मदद करती है. अनेक वर्षों पूर्व इन योजनाओं का लाभ लाभार्थियों ने लिया है व ले भी रहे हैं. लेकिन 20-25 वर्षों पूर्व बनाए गए घरकुल अब जीर्ण हो चुके हैं. जीर्ण मकानों में लाभार्थी निवास कर रहे हैं. जिससे उनकी जान को खतरा निर्माण हो गया है. बारिश के दिनों में पानी टपकते रहता है. सरकारी नियमों के अनुसार एक बार घरकुल मिलने के बाद दोबारा घरकुल योजना का लाभ नहीं दिया जाता. लाभार्थियों ने घरकुल की दुरुस्ती के लिए निधि देने की मांग की है.

# दुकान में चोरी करने वाला आरोपी बालक गिरफ्तार




**गोंदिया**-तहसील के हुडकाटोला बस स्टैंड में स्थित मोबाइल रिपेरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, फर्निचर नाव के दुकान से चोरी करने करने वाले आरोपी को रावणवाड़ी पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपियों का नाम सागरटोली (निलज) निवासी नितीन श्रीराम कावरे (19) व एक विधी संघर्ष बालक 15 वर्ष 5 माह बताया गया है. निलज निवासी फिर्यादी संदीप बालचंद हरिणखेडे के हुडकाटोला बस स्टैंड में स्थित मोबाइल रिपेरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, फर्निचर के दुकान का अज्ञात आरोपियों ने ताला तोड़कर 15 हजार रु. कीमत के तीन मोबाइल, काउंटर में रखे नकद 52 हजार रु. ऐसा कुल 72 हजार रु. का माल चोरी किया था. जिसकी शिकायत रावणवाड़ी थाने में की गई थी. वरिष्ठ के निर्देश के अनुसार उपविभागीय पुलिस अधिकारी रोहिनी बानकर, पुलिस निरीक्षक पुरुषोत्तम अहेरकर के मार्गदर्शन में रावणवाड़ी टीम ने गुप्त जानकारी के आधार पर संदिग्ध आरोपी सागरटोली (निलज) निवासी नितीन श्रीराम कावरे (19) व एक विधि संघर्ष बालक को हिरासत में लिया. उनकी गहनता से पूछताछ करने पर उन्होंने अपराध कबुल किया. उनके पास से तीन मोबाइल व अन्य सामग्री ऐसा कुल 20 हजार रु. का माल जब्त किया गया है. आरोपी को 7 मार्च तक पुलिस हिरासत में रखा गया है. यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगले, अपर पुलिस अधीक्षक नित्यानंद झा, उपविभागीय पुलिस अधिकारी रोहिनी बानकर के मार्गदर्शन में रावणवाड़ी थाने के पुलिस निरीक्षक पुरुषोत्तम अहेरकर, सहायक पुलिस निरीक्षक दिनेश बागुल, श्रेणी पुलिस उपनिरीक्षक दीपक पाटिल, हवलदार संजय चव्हाण, सिपाही दुर्गेश टेंभरे, छगन विठ्ठले ने की है.

# आदिवासी सहकारी संस्था के गोदाम का भूमिपूजन किसानों को ऋण बांटने में बैंक अग्रणी : जैन



**सड़क अर्जुनी**- तहसील के कनेरी में आदिवासी विविध कार्यकारी सहकारी संस्था में आदिवासी शबरी वित्त विकास महामंडल व संस्था की भागीदारी से नए गोदाम निर्माण का भूमिपूजन पूर्व विधायक राजेंद्र जैन की अध्यक्षता में विधायक मनोहर चंद्रिकापुरे के हस्ते किया गया. इस अवसर पर गंगाधर परशुरामकर, डा. अविनाश काशीवार प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित थे. पूर्व विधायक जैन ने कहा कि गोंदिया जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंक किसानों को ऋण बांटने में अग्रणी है और जिले के सभी वाणिज्यिक बैंक 25 प्रश और गोंदिया जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंक 75 प्रश ऋण किसानों को वितरित करते हैं. कर्ज का 0 प्रश ब्याज से मिलने के कारण किसानों ने समय पर कर्ज का भुगतान करना चाहिए, जिससे कर्ज नवीनीकृत करना सुविधाजनक हो. इस अवसर शिवाजी गहाणे, सपना नाईक, मंजू चंद्रिकापुरे, ईश्वर कोरे, वसंत गहाणे, रंजना नाईक, प्रकाश वैद्य, दिलीप मेंढे, तुलाराम घरत, हिरामण वखारे, चोपराम कुरसुंगे, काशीनाथ राणे, आकोजी रहेले, अमरदीप रोकडे आदि उपस्थित थे.

# पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के प्रयत्नों से ग्राम फुलचुर में आई लव फुलचुर- फुलचुरपेठ एलईडी लाईट बोर्ड लोकार्पण






**बुलंद गोंदिया**- पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के हस्ते फुलचुर नाका चौक पर आई लव फुलचुर फुलचुरपेठ एलईडी लाईट बोर्ड का लोकार्पण, फुलचुरपेठ आरटीओ आफीस-रामदेव कॉलोनी रस्ता सिमेंटीकरण (30 लाख रू.) एवंम वॉर्ड क्रं.3 में किन्हाके से वंदना पाटील-श्री कन्हैया उईके से श्री सोमु उईके के मकान-टिकरी से किन्हाके के मकान तक सिमेंट नाली बांधकाम (9 लाख रू) पुर्व जिप सदस्य राजेश चतुर, गंगाराम बावनकर, फुलचुर सरपंच मिलन रामटेककर, पस सदस्य स्नेहाताई गौतम, फुलचुरपेठ उपसरपंच दिनेश चित्रे, फुलचुर उपसरपंच सुरेश सोनवाने सहित मान्यवरों की प्रमुख उपस्थिती में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए, फुलचुर के सरपंच मिलन रामटेककर ने कहा कि, पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के प्रयत्नों से फुलचुर-फुलचुरपेठ ग्राम का संपुर्ण चित्र बदल गया है। परिसर में जिलाधिकारी सहित अन्य शासकीय कार्यालयों और पॉलीटेक्नीक कॉलेज की स्थापना से जहां ग्राम में समृध्दी आ रही है, वहीं सडक और रस्तों के निर्माण से परिसर में नवीन बाजारपेठ का विकास हो रहा है, जिसका सारा श्रेय क्षेत्र के पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल को जाता है। आज विधायक पद पर न रहते हुए उन्होंने दोनों ग्रामों के लिये 2 करोड से अधिक के लागत के विकास कार्य शासन से लाये। आज हम सबके लिये यह समझने का विषय है कि, अगर बिना पद पर रहे वे इतना कुछ कर सकते है, तो हम सबने अगर प्रयत्न कर उन्हें आगामी विधानसभा चुनाव में भरपुर समर्थन, आर्शिवाद और मतदान दिया तो यह दोनों ग्राम गोंदिया जिले के सर्वाधिक विकसित ग्राम होंगे। कार्यक्रम अध्यक्ष पुर्व जिप सदस्य राजेश चतुर ने कहा कि, गोपालदासजी अग्रवाल ने आई लव फुलचुर फुलचुरपेठ एलईडी लाईट बोर्ड लगाकर अपने दिल की बात कही है और हम सभी फुलचुर-फुलचुरपेठ के निवासी भी उन्हें बताना चाहते है कि, वी लव गोपालदास अग्रवाल। जितना प्रेम वे इन दोनों ग्रामों से करते है, उतना ही प्रेम और आशिर्वाद इन दोनों ग्रामों का भी उनके साथ हमेशा बना रहेंगे।

इस अवसर पर उन्होने ग्राम पेयजल पुर्ती योजना द्वारा नई सडकों को बेतरतीब तोडे जाने के गंभीर विषय को प्रमुखता से उठाया और पुर्व विधायक गोपालदासजी अग्रवाल को इस विषय पर पाणी पुरवठा विभाग को सडकों की दुरूस्ती पर विशेष लक्ष दिलाने की मांग की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने कहा कि, फुलचुर-फुलचुरपेठ के विकास को गती देने के लिये पिछले वर्षों में अनेक प्रयत्न किये और शासकीय पॉलीटेक्नीक कॉलेज, जिला स्तरीय शासकीय कॉलेजों के साथ-साथ बायपास मार्ग की दोनों ग्रामों के विकास में बडी भुमिका रही। एक तरफहम दोनों ग्रामों के विकास के लिये प्रयत्नशील है, वहीं सर्वविदित है कि पाईपलाईन का ठेकेदार वर्तमान चाबी आमदार है और इसीलिये बिना ग्राम पंचायत की जानकारी या मंजुरी बेतरतीब सडक तोडी जा रही है और दुरूस्ती तक नहीं हो रही है। ठेकेदारी में अधिकाधिक फायदे के लिये उक्त पेयजल पुर्ती योजना के लिये चाबी आमदार द्वारा तिरोडा के धापेवाडा सिचंन प्रकल्प से पाईप लाईन बिछाकर पानी लाने की योजना बनाई गई है। लेकिन गोंदिया के लिये उक्त बांध से पानी देने पर वहां के स्थानीक किसानों का विरोध किया जा रहा है। लेकिन पाईप लाईन से टुटी सडकों की नागरीकों की समस्याओं को निश्चित रूप से दुरूस्ती करने हेतु रा'य सरकार के माध्यम से सकारात्मक प्रयत्न होंगे, ऐसे उदगार पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने व्यक्त किये। प्रमुख रूप से पंस सदस्य उमेन्द्र उपराडे, अशोक इटानकर, अरूण दुबे, पुर्व सरपंच जिवन बन्सोड, पुर्व सरपंच अशोक लिचडे , सर्वश्री ग्राप सदस्य इंदिराबाई कटरे, श्याम कावडे, आकाश प्रधान, भारती गावंडे, रवि बोदानी, सुनिता मुरकुटे, पुर्व सरपंच कोमल धोटे, पुर्व सरपंच लक्ष्मीबाई निर्विकार, अनिता जिवनजा, आबीद शेख, कलाम शेख, दिनेश तिडके, पोलीस पाटील मंगलाताई तिडके, तमुस अध्यक्ष मनिष गौतम, पुर्व ग्राप सदस्य राजा बैस, कैलास लिचडे, पुर्व उपसरपंच देवेश येरकडे, सुरेखाताई भेंडारकर, रजनीताई टिकारीया, गोपाल अजनिकर, कैलास आगाशे, मोहीत इटानकर, प्रदिप शुक्ला, चैन लिल्हारे, गौरव थापा, सोनु सिंग, मनोज रहांगडाले, रेखा बोहरे, अभिजित रामटेके, आकाश सव्वालाखे, अनिकेत भुजाडे, अनिल रामटेककर, भरत पाटील, दादु ठाकरे, तेजरामजी भांडारकर, महेश मस्करे, राजेश ठाकरे, अनिल माहुले, आयुष जीवनजा, भारतीताई गांवडे, कृष्णा बावणे, सुमित शेंडे, मनिष बैस, मुकेश लिल्हारे, दिनेश गौतम, राजेश कटरे, मनोहर कटरे, सुभान रहांगडाले, विजय भोजवानी व ग्रामवासी बडी संख्या में उपस्थित थे।

# दुर्घटना में युवक की मौत



**गोंदिया**-सालेकसा थाने के तहत रामपुर (पानगांव) में हुई दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई, तो उसका मित्र घायल हो गया. शरद अशोक चुटे (19) अपने मित्र गोरठा निवासी मयुर भागवत शेंडे (18) के साथ मोटरसाइकिल (क्र. एमएच 36-जे 3792) से परीक्षा फार्म भरने के लिए साखरीटोला जा रहा था. इसी बीच रामपुर (पानगांव) के पास उसकी मोटरसाइकिल स्लीप हो गई. जिसमें शरद की मौत हो गई वहीं मयूर घायल हो गया. सालेकसा पुलिस ने मामला दर्ज किया है. जांच हवलदार डोंगरे कर रहे हैं.

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल द्वारा बुलंद गोंदिया साप्ताहिक समाचार पत्र भवानी प्रिटींग प्रेस, गुरुनानक वार्ड, गोंदिया ता.जि.गोंदिया से मुद्रित व बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास गौशाला वार्ड, गोंदिया-४४१६०१, ता.जि.गोंदिया से प्रकाशित । संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल, मो.क्र.९४०५२४४६६८। (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) प्रकाशित किये गये समाचार व लेख से संपादक सहमत है। न्यायालय क्षेत्र गोंदिया ।